Title: Request to impose tax on the import of sugar from foreign countries and protect the interest of sugarcane growers.

श्री उत्तमराव ढिकले (नासिक) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान शूगर क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूं। विलास मुत्तेमवार जी ने भी यह मुद्दा उठाया। महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन बहुत हुआ है। न केवल महाराष्ट्र में, बल्कि देश में चीनी का उत्पादन दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। विश्व में भी लगातार चीनी का उत्पादन बढ़ कर 45 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा हो गया है। इसलिए चीनी के दाम में दिन-प्रतिदिन गिरावट आ रही है। मुझे पता चला है, मैंने पढ़ा है कि कुछ चीनी ब्राजील और पाकिस्तान से भी आयात हो चुकी है। फ्री मार्केटिंग की वजह से ऐसा हो रहा है। महाराष्ट्र में कई चीनी मिलें हैं, जहां चीनी के बोरे पड़े हुए हैं। मैं सरकार से मांग करूंगा कि उसने जो पहले बफर स्टाक को रद्द किया था, अब बफर स्टाक की अनुमति दी जाए। सहकारी मिलों को निर्यात की अनुमति दी जो। जब चीनी का अच्छा दाम देना हो तो सीजन के शुरू में ही लेवी के दाम की घोाणा करनी चाहिए। न केवल घोाणा करनी चाहिए, बल्कि लेवी और फ्री सेल को देखते हुए फ्री सेल का कोटा बढ़ाना चाहिए। गन्ने का लागत मूल्य कम करने के लिए केन्द्रीय शासन को संशोधन करना चाहिए। कम से कम लागत मूल्य कैसे हो, यह भी देखना चाहिए। महाराष्ट्र में शूगर का क्षेत्र दिन-ब-दिन बढ़ रहा है और सहकारी चीनी मिलों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। उन्हें मजदूर मिलना असम्भव हो रहा है। मैं आपके माध्यम सरकार से अनुरोध करूंगा कि फ्री मार्केटिंग होने से जो चीनी आयात होती है, उस पर टैक्स लगाया जाए।

MR. SPEAKER: Shri Vilas Muttemwar, you can also associate with the submission of the hon. Member.

SHRI VILAS MUTTEMWAR (NAGPUR): Sir, I have got a separate issue.